प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- इंडियन कोस्ट गार्ड का जागरूकता अभियान आज रांची के एसएस मेमोरियल कॉलेज में हुआ आयोजित, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने युवाओं को तटरक्षक सुरक्षा बल में शामिल होकर राष्ट्रसेवा के लिए किया प्रेरित।
- सावन की पहली सोमवारी पर राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न शिववालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोगों ने बाबा भोलेनाथ पर किया जलार्पण।
- राज्य सरकार के सभी विभागों में ई–ऑफिस लाइट प्रणाली होगी लागू, मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी सरकारी कार्यालयों को जनवरी 2026 तक पूरी तरह डिजिटल करने के दिए निर्देश।
- सरायकेला पुलिस ने अंतरराज्यीय चोरी गिरोह के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 62 मोबाइल फोन और टैब के साथ युवक गिरफ्तार।
- राज्य के कई जिलों मे 16 जुलाई तक बारिश, वज्रपात और तेज़ हवाओं की चेतावनी, मौसम विभाग ने की सतर्कता बरतने की अपील।

******************

रक्षा मंत्रालय के निर्देश पर इंडियन कोस्ट गार्ड की ओर से रांची के 50 शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज एसएस मेमोरियल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और कोस्ट गार्ड अधिकारियों ने युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया और कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के विजन में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

******************

आज सावन की पहली सोमवारी पर राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर समेत खूंटी के बाबा आम्रेश्वरधाम, लोहरदगा और कोडरमा के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने हर–हर महादेव के जयघोष के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी।

******************

इधर दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जलाभिषेक के लिए चार किलोमीटर तक कांवरियों की लम्बी कतार थी। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने सावन के पहले सोमवार पर सुलभ तरीके से बाबा भोलेनाथ का जलार्पण किया।

साउंड बाइट–श्रद्धालु, दुमका ऑन श्रावण–14 सेकेंड

श्रावणी मेले की व्यवस्था को लेकर उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने बताया कि मेला क्षेत्र में पानी और सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई है, साथ ही शिवगंगा में बैरिकेडिंग की गई है ताकि कोई श्रद्धालु गहरे पानी में न जाए।

******************

राज्य सरकार ने सभी विभागों में "ई–ऑफिस लाइट" प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में आज इसकी समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि जनवरी 2026 तक सभी सरकारी कार्यालयों को पूर्णतः डिजिटल बनाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ई–ऑफिस प्रणाली सौ प्रतिशत त्रुटिहीन हो।

******************

भारत के विज्ञान और दृढ़ संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि, चंद्रयान–3 ने आज अपने प्रक्षेपण के दो वर्ष पूरे कर लिए। वर्ष 2023 में आज ही के दिन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा विकसित एलवीएम3 एम4 रॉकेट ने चंद्रयान–3 को सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया था। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

******************

एक्सियॉम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य सहयोगी पृथ्वी की वापसी यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। स्पेसएक्स कंपनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि क्रू कैप्सूल ड्रैगन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो गया है। कंपनी ने कहा कि अंतरिक्ष यान कल दोपहर बाद लगभग तीन बजे कैलिफ़ोर्निया तट पर उतरेगा।

******************

पूर्वी सिंहभूम जिले में वन विभाग की निगरानी में स्नेक रेस्क्यू टीमों द्वारा सांपों को पड़कर दलमा के जंगलों में छोड़ा जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के खरसावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के 62 मोबाइल फोन और एक टैब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ समीर कुमार सेवईया ने जानकारी दी कि जब्त किए गए मोबाइल और टैब की कीमत 10 लाख रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

******************

मौसम विभाग के अनुसार कल राज्य के कई जिलों में 16 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कल पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, 16 जुलाई को राजधानी रांची समेत पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में बहुत भारी बारिश हो सकती है।

*******समाप्त********